शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक – 28//11/2024

श्रीमान जिलाधिकारी शाहजहांपुर महोदय व श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय द्वारा लोक भारती इण्टर कॉलेज, कुर्रिया कलां शाहजहांपुर में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित व मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत छात्राओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया गया।

श्रीमान जिलाधिकारी शाहजहांपुर महोदय व श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय द्वारा लोक भारती इण्टर कॉलेज,कुर्रिया कलां में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु प्रारम्भ की गयी महत्वकांक्षी योजना "मिशन शक्ति" फेज-5 के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर बच्चों/महिलाओं को शासन द्वारा बच्चों/महिलाओं के हित में वर्तमान में चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा व सहायता हेतु प्रचलित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 महिला हेल्पलाइन नम्बर, 112 – पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बर, 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर, 1930 – साइबर हेल्पलाइन नम्बर, 108 – आपातकालीन सेवा, 102 – गर्भवती महिलाओं हेतु आपातकालीन सेवा, 181 - घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नम्बर, 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त वर्तमान में साइबर अपराध (साइबर अरेस्ट) के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।